- Crystal clear digital printing with vutek machine, on Flex, SAV, One way vision, UK Media, Mesh, Lamination, Canvas, etc.
- 40,000 sq ft per day production capacity.
- No compromise in quality.

Wonder images Pvt. Ltd.

2 Brabourne Road, Kolkata - 700 001
Ph : 2225 1862/3/4/5, 9830425990, Fax : 91-33-2225 1866
email : wonder@cal2.vsnl.net.in

From :
All India Marwari Federation
152B, Mahatma Gandhi Road
Kolkata - 700 007
Ph : 2268 0319
E-mail : samajvikas@gmail.com

मूल्य : 10 रुपये प्रति
वार्षिक मूल्य : 100 रुपये

समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

अप्रैल २००९ ▸ वर्ष ५९ ▸ अंक ४

वार्षिक साधारण सभा संपन्न

दिनांक १९ अप्रैल २००९ को कोलकाता में

चित्र में: रा.कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सोन्थलिया, रा. महामंत्री श्री राम अवतार पौद्दार, सम्मेलन सभापति श्री नन्दलाल रूँगटा, पूर्व सभापति श्री मोहनलाल तुलस्यान, निवर्तमान सभापति श्री सीताराम शर्मा, रा. उपाध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोडिया, रा.सं.महामंत्री द्वव श्री ओमप्रकाश पौद्दार व श्री संजय हरलालका

वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित सदस्यगण

पूर्वोत्तर मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारिणी सभा

अध्यक्षीय: मारवाड़ी समाज और मारवाड़ी सम्मेलन

True to our values.

True to our people.

True to our projects.

True to our selves.

Tomorrow happens when there is true partnership.

There are companies that only finance instructions. And there are Companies that also finace dreams, aspirations and hopes. SREI, an Indian multinational, belongs to the latter. More than just financial products and services, SREI excels in offering customised, flexible, reliable and cost-effective solution. The focus clearly is on infrastructure equipment, projects and renewable energy resources through innovative financing and "true partnerships".

SREI not only enjoys a leadership position in the market today, but is also recognised as a people-centric company. This investment in human resource development and consistantly acknowledging the blessings of god makes SREI a proud recipient of the Willis Harman Spirit at Work Award.

At SREI, it's the vision of tomorrow that fuels our passion. Propelling us to see tomorrow. Today.

WE MAKE TOMORROW HAPPEN.

SREI
INFRASTRUCTURE FINANCE LIMITED

Visit us at www.srei.com

ASSET FINANCING • INFRASTRUCTURE FINANCING • RENEWABLE ENERGY FINANCE • INVESTMENT BANKING • VENTURE CAPITAL • INSURANCE SERVICES

समाज विकास

अप्रैल २००९ ✦ वर्ष ५९ ✦ अंक ०४ ✦ एक प्रति-10 रु. ✦ वार्षिक-100 रु.

संपादक : नंदकिशोर जालान ✦ सहयोगी संपादक : शंभु चौधरी

अनुक्रमणिका

क्रमांक	पृष्ठ संख्या
चिट्ठी आई है	४–५
अपनी बात	६–७
अध्यक्षीय	८
पूर्वोत्तर मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम प्रान्तीय सभा	९–१०
भ्रूण हत्या :	
बेटे रह जाए बिन ब्याहे, बहुएँ कहाँ से आएँगी–ओम लडिया	११
कन्या–भ्रूण हत्या रोकने का सरल इलाज – डॉ. श्यामसुन्दर भारती	१२–१३
नये सदस्यों की सूची	१४
गोयनका पब्लिक स्कूल	१९
लघुकथा : कौवा है.....	२१
चुटकुले	२१
कविताएँ:	
ब्याह को पंडाल	२२
जनता की बेबसी	२२
अपनी–अपनी किस्मत है ताऊ! – ताऊ शेखावाटी	२३
युगपथ चरण :	
राजस्थानी साहित्य एवं संस्कृति परिषद : रजत जयन्ती समारोह	२४
आदर्श कन्या शाला में वाटर कूलर की स्थापना	२५
राष्ट्रपति भवन में विभूतियों का सम्मान	२५
गणगौर गीतों का सीडी विमोचन	२६
रंग–रंगीलो राजस्थान	२७
राजस्थान दिवस	२८
कोलकाता मारवाड़ी महिला सम्मेलन	२९
बिहार : प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन	२९
मध्यप्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन : रामनवमी जुलूस का स्वागत	२९
श्रद्धाजंलि :	
यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'	३०
न्यायमूर्ति गुमानमल लोढ़ा	३०

स्वत्वाधिकारी :

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ✦ १५२बी, महात्मा गाँधी रोड, कोलकाता–७००००७

फोन : ०३३–२२६८ ०३१९ ✦ E-mail :samajvikas@gmail.com

के लिए श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा ऐबल प्रिंटर्स प्रा.लि.

४५बी, राजाराम मोहन राय सरणी, कोलकाता–७००००९ में मुद्रित

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

चिट्ठी आई है

ज्योति विशेषांक पर कुछ और पत्र

समाज विकास के अक्टूबर अंक में रूपकुंवर ज्योतिप्रसाद अगरवाला के संबंध में विशेष सामग्री देखकर मुझे बहुत संतोष और प्रसन्नता हुई। आपने एक उत्कृष्ट व्यक्ति की अभ्यर्थना ही नहीं की है, उचित प्रकार का परिमार्जन भी किया है।

मैं स्वयं लम्बी अवधि के लिए असम की यात्रा पर गया था। वहां एक क्षेत्र में जितना ज्योति प्रसाद जी का आदर था, उतना ही कुछ लोगों में उनमें अलग रहने का आग्रह था। वे इस प्रकार से असमिया जीवन में घुल मिल गये थे कि उन्हें सम्मान किया जाना स्वीकार करना भी अनेक मारवाड़ियों को कठिन हो रहा था।

यह सही है कि जितनी प्रगाढ़ता से ज्योति प्रसाद जो असमियों के साथ समन्वित हो गये थे, उतना कम मारवड़ियों के लिए संभव है। परन्तु जो और जिस तरह का काम ज्योति प्रसाद ने किया। उसकी परम्परा परिपुष्ट करना असम के बाहर के लोगों के लिए भी संभव है। संभावना भर की बात वहीं है। जहां जीविकोपार्जन किया जाता है, उसके प्रति कुछ स्वाभाविक दायित्व बनते हैं। उनका निर्वाह इस तरह नहीं हो सकता कि जिस प्रदेश में रहो उसके जीवन से कटे–कटे रहो, वहां लाभार्जन करो, लेकिन वहां की संस्कृति से परहेज करो। मैंने स्वयं जो व्यवहार ज्योति प्रसाद जी की स्मृति के प्रति या उसकी अस्वाभाविकता का अनुभव किया था। दूसरी ओर, जिस प्रकार वहां के लोग ज्योति प्रसाद जी की पूजा सी करते हैं उसे भी मैंने देखा था। शिल्पी दिवस के एक आयोजन में उपस्थित था, जिसमें राज्य के मंत्री भी ज्योतिप्रसाद जी के चित्र को श्रद्धा से माल्यार्पण कर रहे थे।

असमिया व्यवहार की यह विशेषता है कि वहां के लोग उनके प्रति अपनत्व बढ़ा लेते हैं। जो उनके हो जाते हैं। जिनसे इसके विपरीत व्यवहार मिलता है, उनके प्रति प्रतिकूलता इतनी उग्र हो जाती है कि वह हिंसक रूप ले लेती है। समाज विकास के इस अंक में प्रकाशित सामग्री यह बटोरने के लिए पर्याप्त है कि ज्योति प्रसाद जी असम के हो गये थे, परन्तु वह इससे ज्यादा स्पष्ट है कि समस्त भारत उनके आदर की परिधि में था। व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिसमें स्थानीयता और भारतीयता अलग–अलग नहीं, एक दूसरे में समाहित रहें। इसकी ज्योति को ज्योति प्रसाद जी ने जीवन पर्यंत प्रज्वलित रखा। जो व्यवहार अपने जीवन में ज्योति प्रसाद जी को असमियों से मिला वह आह्वान है, मर्यादा है, जिससे सद्भाव सारे देश में प्रसार प्राप्त कर सकता है।

मेरा श्री देवी प्रसाद जी से परिचय नहीं है। परन्तु मैं असम साहित्य सभा का महत्व जानता हूँ। उसकी आजीवन सदस्यता सचमुच विशिष्ट आदर का विषय होता है। अपनी तरह वे भी उचित आचरण के उदाहरण हैं। मैं समझता हूँ कि भारत भर में फैले मारवाड़ी इस अंक के प्रकाशन से ज्योति स्वरूप ज्योति प्रसाद जी का अधिक परिचय प्राप्त करेंगे, और उनका समस्त देश में उनके योग्य समादर होगा। तुलना करना अनुचित होगा, लेकिन ज्योति प्रसाद जी ने असम के पूज्य पुरुष शंकरदेव के कार्य को आगे बढ़ाया था। यह सबसे अधिक सम्मानप्रद है, आपने एक अभिनन्दनीय व्यक्तित्व का जो कीर्तिमान किया है।

- राजेन्द्र शंकर भट्ट
'स्फटिक', 3, जयाचार्य मार्ग,
राम निवास बाग, जयपुर-३०२००४ (राज.)
ई-मेल : stonetec@eth.net

समाज विकास का "ज्योति विशेषांक" अक्टूबर २००८ अंक मिला। अंक देखकर हार्दिक प्रसन्नता हुई, साथ ही समाज राष्ट्र के ज्योति पुरुष दिव्य ज्योति जो कि सरस्वती के वरद पुत्र लेखक कवि साहित्यकार नाटककार के जीवन परिचय प्राप्त कर मैं धन्य हुआ। एक व्यक्ति में एक साथ इतनी प्रतिभाएँ समाहित हो उसे तो सरस्वती पुत्र की संज्ञा देना वो मानना यथार्थ का प्रतीक है। जिनकी प्रतिभा को भारत सरकार ने मानते हुए डाक टिकट जारी किया एवं असम सरकार १७ जनवरी को शिल्पी दिवस मनाती है। ऐसे मारवाड़ी समाज की महान आभा को मेरा सत् सत् नमन।

समाज विकास पत्रिका के माध्यम से भूले बिसरे पूर्वजों की जानकारी आज की पीढ़ी को जगाने का सफल प्रयास है। अतः पूरे भारत के ऐसे व्यक्तियों के प्रसंग में जानकारी उपलब्ध कराना जारी रहना चाहिए। शाखाओं का फर्ज बनता है कि अपने क्षेत्र के ऐसे महान विभूतियों की जानकारी उपलब्ध करावे।

- नवरतन चुड़ीवाला
डी. पी. ढंढानियाँ लेन,
मारवाड़ी टोला, सुजागंज, भागलपुर-२
दूरभाष :०६४१-२४२०६४४(घर),०९३०४७२०४५६(मो.)

'ज्योति विशेषांक' समाज विकास भेजकर बड़ी कृपा की। जुलाई अंक भी अच्छा था। नया तेवर इस दफा असम के रविन्द्रनाथ ज्योतिप्रसाद अग्रवाल पर विशेष सामग्री देकर आपने स्तुत्य कार्य किया है। मुझे पता नहीं था, आप ऐसा शानदार अंक निकालेंगे, अन्यथा मैं भी एक आलोचनात्मक आलेख भेज देता। जनवरी अंक के लिए ज्योति प्रसाद पर एक लेख भेजूंगा। असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की एक ज्योतिप्रसाद की किताब भी मैंने संपादित की थी। असमावकाश में ज्योतिजी पर कई लेख लिखे थे।

- केसरीकान्त शर्मा 'केसरी'
आनन्दपुरा, वा.नं.१ मण्डावा-३३३७०४ राजस्थान

समाज विकास का अक्टूबर २००८ अंक आपका सराहनीय प्रयास हैं। यह अंक "ज्योति विशेषांक" पठनीय एवं संग्रहणीय है। आपने इस अंक में एक ऐसे महापुरुष पर प्रकाश डाला है जो अधिकांश लोगों की जानकारी में नहीं था। स्व. रूपकुंवर ज्योतिप्रसाद अगरवाला निसंदेह एक महान् विभूति थे जिन्होंने अपने अल्प जीवन में महान कार्य सम्पन्न किए। वास्तव में वे एक बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी थे वे सदैव ज्ञान की खोज में रहे। अपने छोटे से जीवन में कई ऊचाईयों को छूआ, विदेशों की यात्राएं की तथा साहित्य को भी समृद्धि प्रदान की। ऐसे महामानव संसार में कुछ देने के लिए ही अवतरित होते हैं तथा मानवजाति को बहुत कुछ देकर चले जाते हैं। मैं उस नाना प्रतिभाओं के धनी को सश्रद्धा नमन करता हूँ।

-रामनिरंजन शर्मा 'ठिमाऊ' पिलानी (राज.)

सही मूल्यांकन

समाज विकास का फरवरी २००९ का अंक प्राप्त हुआ। समाज एवं राष्ट्र कल्याण हेतु इस पत्रिका की एक अहम् भूमिका है। समाज में फैली बुराईयाँ कुरीतियों एवं अन्य विषयों का सही मुल्यांकन समय समय पर इस पत्रिका द्वारा निरन्तर किया जाता है। समाज को आने वाले भविष्य में निश्चित रूप से अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करना होगा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीतारामजी शर्मा द्वारा लिखा गया एवं वक्ता के रूप में ८ फरवरी को ज्ञान मंच, कोलकाता में आयोजित समारोह में जो विचार प्रगट किये गये वे शब्द अपने आपमें अद्वितीय हैं। समाज को दिशा निर्देश एवं मार्ग प्रदर्शन का जो सच्चा रूप बताया गया है उसके कुछ अंश आपको लिख रहा हूँ।

समाज शिक्षित हुआ है, लेकिन सुधार बाकी है। मारवाड़ी समाज अपनी जिन सुविधाओं के लिये जाना जाता रहा है, उन्हें खो रहा है। संचय की प्रवृति का ह्रास हुआ है एवं झूठा दिखावा एवं प्रदर्शन बढ़ रहा है। ईमानदारी में कमी आयी है। टूटते परिवार परिवारिक अनुशासन का अभाव,बढ़ते तलाक,टूटते विवाह,बड़ों के प्रति सम्मान में लगातार कमी हमारे सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में लगातार कमी आयी है। कुछ दशकों पहले तक समाज का धनिक वर्ग सामाजिक कार्यों में पूरा भाग लेता था, समाज को दिशा निर्देश प्रदान करता था, पंचायत के माध्यम से विवादों का निपटारा करता था एवं अनुचित सामाजिक कार्यों के लिये दंड भी देता था। पंचायत का भय था, समाज का डर था। परन्तु आज इस दिशा में धनिक वर्ग उदासीन है।

श्रद्धेय शर्माजी के द्वारा दिये गये इन विचारों को 'समाज विकास' पत्रिका द्वारा एक प्रमुख विषय मानकर इस पर गहन रूप से विचार करना चाहिए। हम वर्तमान अध्यक्ष श्री रूंगटाजी से भी नम्र निवेदन करेंगे कि अपने कार्यकाल में इस अलौकिक विषय पर गहन विचार करें एवं आने वाले भविष्य में इन कमियों को कैसे दूर किया जा सके उसका विचार करने की कृपा करें।

- सत्यनारायण तुलस्यान, मुजफ्फरपुर (बिहार)

बहुत काम बाकी है

यह जानकर अति हर्ष हुआ कि आपने होली के पावन पर्व पर 'समाज विकास' में 'बुरा न मानो होली है' स्तम्भ के अन्तर्गत मुझे नायाब तोहफा दिया है "बहुत काम बाकी है"

सचमुच इस तोहफे से मेरी मनोकामना पूर्ण होगी, अब मैं चाहता हूँ कि हर महीने लगातार ६ महीनों तक 'समाज विकास' में मेरे दो काम जो होने बाकी हैं प्रकाशित करें तभी पाठक उनपर विचार कर सही कदम बढ़ाए जिससे समाज का भला हो।

क्या काम बाकी है पढ़ें और जाने
सोच समझ कर सही कदम बढ़ाएँ

आप सभी मारवाड़ी बन्धुओं ने सन २००७ और २००८ के अंकों में वैवाहिक आचार संहिता जरूर पढ़ी होगी जिसमें शुरू में लिखा है "मिलनी सबकी ४ रुपया चांदी छोड़ कागज का रुपया" पर खेद है कि भारत सरकार ने एक रुपये के कागज के नोट छापने बंद कर दिये हैं। ऐसी स्थिति में सम्मेलन भी आचार संहिता में संशोधन कर यह लिखना चाहिए कि मिलनी सबकी ४ रुपया चांदी छोड़ धातु का रुपया।

- डॉ अरुण भारती,
२११, पी.एन.मालीया रोड
रानीगंज - ७१३३४७
ई-मेल - arunarun2@gmail.com

राजस्थानी मायड़ भाषा फेर मानता क्योंनी पावें....

मिश्री जेड़ी बोली मिठी, बोल्यां जीव घणों सुख पावे।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता क्योंनी पावें?

इंणरी लिपि मुड़िया स्यूं, अणजांण मिनख नी है, कोई।
इण स्यूं ही आधुनिक लिपि, ईबनागरी री मैहता होई।
शब्दकोष ईण रो लूठौ, आखो जग इणने चावे।
मातृ भाषा हिन्दी री, शब्दां री बिचलि लगल कहावे।
इतिहास घणों ईण रो जूनो, चितराम भड्योड़ा मिल जावे।। १।।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता कयोंनी पावे?

मेवाड़ी, इठाडी, माळवी, कठै हडोती बोली जावे।
मारवाड़ी, ब्रज, बागड़ी, अर मिली इण रा भंग कहावे।
सगळा अंगा र भळप क्यूं, आ राजस्थानी नाम कहावे।
डिंगळ पिंगळ शैली स्यूं इण कलम चितेश छंद बणावे।
बाई मिरां रा मिण पद, धर–धर म्हारी बोल्या जावे।। २।।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता कयोंनी पावे?

मूरत बिना मन्दिर सुनो, ज्यूं जीव बिना धरती सुनशान।
बिन बाति दीवलो सुनो, बिन मायड़ भाषा राजस्थान।
मायड़ भाषा र खातिर, इण र जाया ने जंगणो पड़सी।
नी मिले मानता जद मांग्यो, लोही म्हं जोश भरणों पड़सी।
इबर मिनख रो जद टूटे, वो मारग दूजो अपणावे।। ३।।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता कयोंनी पावे?

अब देखी इण री करणे सो परिणाम बणों खोटो (कोजो) होशी।
आंदोलन री आग री लपटां स्यूं, बचणो घणों भोखो होशी।
राजगद्दी पर बैठणीयां ने आपां सबक सिखावोला।
मायड़ भाषा ने सागळा मिल, ठावी ठोड़, पुगावाला।
ईणरी आत्मा गरी पड़ी, ईणरनी कदी समझ आले।। ४।।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता कयोंनी पावे?

धोया बादळ कदै नी बरसे, फण धर नी प्रित निभावै है।
अरदास करणीयां ने अ, शासनकर्ता, झूठा काच दिखावे है।
जद चाहिज्यै वोट इणा ने, पगां उगाणा आज्यावे।
वैशेर तरमा गरजणवाकाँ, भोळी भेड़ा ज्यूं बणज्यावें।
'राजू' राजस्थानी लिक्ष्मण, अनि मूंठो पडूयो निजरेजी आवे।। ५।।
राजस्थानी मायड़ भाषा, फेर मानता कयोंनी पावे?

- राजू पारीक "उषाणी"
श्री तोलाराम दानाराम पान्डिया
मु.पो.पूलासर-३३१४०२, जिला : चूरू (राजस्थान)
मोबाइल : ९९५७२०५२८८

महाजनी मोड़िया लिपिः

खोती जा रही हमारी राजस्थानी विरासत

अपनी बातः

राजस्थानी संस्कृति भी लुप्त हो जायेगी

विश्व के किसी भी समाज को हम लें, साहित्य से ही उस समाज की संस्कृति – समृद्धि का पता चलता है और बिन भाषा, साहित्य लिखा नहीं जा सकता। भाषा का आधार भले ही किसी भी लिपि में क्यों न हो, उसमें भरे हुए शब्दों का भंडार ही उस समाज की संस्कृति को बचाये रखने में समर्थ हो सकता है। किसी भी समाज की दशा का आकलन वहाँ के साहित्य को देख–पढ़ के ही किया जा सकता है। किन्तु जो समाज यह मानता है कि साहित्य से नाता तोड़कर वह बेहतर जिंदगी जी लेगा तो यह सोचना एक आत्मघाती सोच है। प्रवासी मारवाड़ी समाज की स्थिति कुछ इसी प्रकार की हो चुकी है। साहित्य में भी धन की खोज करना गलत नहीं है परन्तु साहित्य को अपनाने की जगह साहित्य की दुकानदारी करने वाले इस समाज को यही कहा जा सकता है कि वे इस तरह के कार्य न करें जिससे साहित्य सेवा के नाम पर व्यवसाय करने की बू आने लगे।

देश के समाचार केन्द्र में मारवाड़ी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होते हुए भी हर तरह से समृद्ध राजस्थानी भाषा आज दम तोड़ती नजर आ रही है। राजस्थान से निकलने वाली 'माणक', और कोलकाता से प्रकाशित होने वाली 'नैणसी' पत्रिका ने राजस्थानी भाषा को जिन्दा न रखा होता तो शायद रही–सही भाषा भी लुप्त हो जाती। आज सारे देश में राजस्थानी भाषा की अलख जगाने वाले स्व. कन्हैयालालजी सेठिया नहीं रहे, परन्तु इनके गीत ने जिस तरह से राजस्थानी भाषा का प्रचार घर–घर में किया यह हम सभी के लिये गर्व की बात है।

हम जब राजस्थानी भाषा की बात करते हैं तो राजस्थान प्रान्त की ही कई बोलियां इसके संवैधानिक मान्यता में अड़चनें डालती नजर आती है। भारत के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी कई बोलियाँ बोली जाती हैं। जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने राजस्थानी बोलियों के पारस्परिक संयोग एवं सम्बन्धों के विषय में लिखा तथा वर्गीकरण किया है। जो इस प्रकार है :–

◆पश्चिमी राजस्थान में बोली जाने वाली बोलियाँ – मारवाड़ी, मेवाड़ी, ढारकी, बीकानेरी, बाँगड़ी, शेखावटी, खेराड़ी, मोड़वाडी, देवड़ावाटी आदि।

◆उत्तर–पूर्वी राजस्थानी बोलियाँ – अहीरवाटी और मेवाती।

◆मध्य–पूर्वी राजस्थानी बोलियाँ – ढूँढाड़ी, तोरावाटी, जैपुरी, काटेड़ा, राजावाटी, अजमेरी, किशनगढ़, नागर चोल, हड़ौती।

◆दक्षिण–पूर्वी राजस्थान – रांगड़ी और सोंधवाड़ी

◆दक्षिण राजस्थानी बोलियाँ – निमाड़ी आदि।

यह समस्या नई समस्या नहीं है, असमिया भाषा के साथ भी कुछ इसी प्रकार की घटना घट चुकी है। १८३६ई. में असम में सरकारी भाषा के रूप में बंगला भाषा को लागू कर दिया गया था। कारण और तर्क यह था कि असमिया बोली में बंगला शब्दों का प्रयोग अधिक है। जबकी असमिया भाषा बिलकुल भिन्न थी। उस समय ब्रनसन–ब्राउन ने असमिया शब्दकोष तैयार कर यह साबित कर दिया था कि असमिया बोली नहीं बल्कि एक अलग भाषा है, जिसके हजारों शब्दों के अर्थ बंगला भाषा से अलग हैं। ठीक इसी प्रकार राजस्थानी भाषा के शब्दकोष पर नजर डालें तो हम इसके शब्द भंडार को देख कर दंग रह जाते हैं कि हिन्दी और संस्कृत में भी जिस बात को कहने के लिये शब्द खोजना पड़ता है वहीं राजस्थानी भाषा में एक बात को कहने के लिये कई–कई शब्द उपलब्ध हैं। आप अंग्रेजी और लैटिन भाषा का उदाहरण देखें इसमें एक जैसे शब्द रहते हुए भी दोनों अलग–अलग भाषा के रूप में प्रचलित है। राजस्थानी भाषा के मान्यता को लेकर राजस्थान में ही विवाद होना एक दुर्भाग्य का विषय है। इसका जल्द से जल्द समाधान खोजना ही होगा। अन्यथा हमारी राजस्थानी संस्कृति भी लुप्त हो जायेगी।

-शम्भु चौधरी

अध्यक्षीय

मारवाड़ी समाज और मारवाड़ी सम्मेलन

- नन्दलाल रूँगटा -

सम्मेलन अपने ७५वें वर्ष की तरफ अग्रसर हो रहा है। सम्मेलन की नींव रखने के पीछे उद्देश्य समाज को एक सूत्र से जोड़ना रहा, जिसकी जरूरत हमें कल भी थी और आज भी जस की तस बनी हुई है। हाँ ! उस समय समाज की जो जरूरतें थीं, उसमें काफी परिवर्तन आया है। जहाँ एक तरफ समाज रूढ़िवादी परम्पराओं से अलग हटकर सोचने लगा वहीं समाज में दिखावा, आडम्बर ने अपनी जगह बना ली है। समाज ने शिक्षा में प्रगति की है तो उद्योग के क्षेत्र में क्रमशः पिछड़ता जा रहा है। परम्परागत कारोबार से नई पीढ़ी नाता तोड़ती जा रही है। पूर्वजों द्वारा स्थापित समाजसेवा के कई संस्थाओं में नई ऊर्जा को या तो नजरअंदाज किया जाता रहा है या वर्तमान संदर्भ में संस्था रूचिकर न होने से नई ऊर्जा ऐसी संस्थाओं से नहीं जुड़ पाती है। धीरे-धीरे क्लब संस्कृति, समाज की संस्कृति बनती जा रही है। इन सबके रहते हुए भी समाज को एक संगठन की जरूरत महसूस होती रहती है। समय-असमय समाज को कई प्रान्तों में सामाजिक/राजनैतिक संकटों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय प्रशासन या राजनैतिक दल ऐसे समय में समाज को साथ देते दिखाई नहीं देते। इसके मूल में हमारे समाज का असंगठित होना एक मात्र कारण है। जहाँ थोड़ा बहुत संगठन है वहाँ किसी तरह से समाज अपनी सुरक्षा कर पाता है परन्तु इस सुरक्षा के बदले समाज को भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

सम्मेलन के ७४ साल के इतिहास का आंकलन करने से हमें चौंकाने वाले तथ्य सामने मिलते हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि सम्मेलन वह सब कर रहा है जो हम सोच भी नहीं सकते। सम्मेलन ने समाज को न सिर्फ सुरक्षा प्रदान की, एक समय जब समाज को उसके वोट से वंचित किया जा रहा था तो सम्मेलन के बैनर के तले ही हमें अपने हक की लड़ाई लड़नी पड़ी थी। यह सही है कि सम्मेलन एक ऐसी संस्था है, जिसमें अन्य संस्थाओं की तरह मनोरंजन के कार्यक्रम नहीं लिये जाते, न ही किसी क्लब की तरह इस संस्था में कोई 'खाने-पीने' की किटी पार्टी का आयोजन ही किया जाता है। शायद कई बार कुछ लोग इस संस्था पर ये आरोप लगाते नजर आते हैं कि सम्मेलन सिर्फ "आये का स्वागत - गये की विदाई" आयोजन करने की संस्था बन कर रह गई है, जो कि बिलकुल गलत है। जबकि वास्तविकता यह है कि सम्मेलन ही एक मात्र ऐसी संस्था है जो देश भर में मारवाड़ी समाज का प्रतिनिधित्व कर पाने में सक्षम है।

सम्मेलन की आज १२ प्रान्तों में शाखायें हैं, इसके निर्णय से मारवाड़ी समाज बहुत हद तक प्रभावित होता रहा है। असम के गांव से लेकर बिहार, बंगाल, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्कल, मध्यप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तामिलनाडू प्रान्तों में सम्मेलन के कार्यकर्ता कार्य कर रहें हैं। समाज के सैकड़ों लोगों ने अपने जीवन के कीमती क्षण समाज को संगठित करने में लगा दिये। हम चाहते हैं कि इस पूँजी को और मजबूत आधार प्रदान किया जाय। समाज को सम्मेलन के उद्देश्यों से भली भाँति परिचित कराया जाय कि अन्य संगठनों से सम्मेलन भिन्न कैसे और सम्मेलन द्वारा लिये गये निर्णय समाज के लिये कितने कारगर हैं।

सम्मेलन का कार्य समाज हित में व्यापक है इसे और व्यापक बनाने के लिये सम्मेलन को न सिर्फ प्रान्तीय स्तर पर, बल्कि सम्मेलन की शाखाओं को हर गाँव तथा शहर में और अधिक संगठित करने पर भी हमें अधिक ध्यान देने की जरूरत है। हमारी चेष्टा रहनी चाहिये कि समाज के प्रत्येक मारवाड़ी परिवार से कम से कम एक सदस्य सम्मेलन का साधारण, आजीवन या संरक्षक सदस्य जरूर से बने। यह बात सभी जानते हैं कि किसी भी जातिगत संस्थाओं का विकल्प संभव है, परन्तु मारवाड़ी सम्मेलन का विकल्प खोजना समाज को कमजोर करना है। आईये, समाज के इस संगठन को हर स्तर पर और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देवें। ◆

पूर्वोत्तर मारवाड़ी सम्मेलन
की प्रथम प्रान्तीय सभा

बाएं से श्री ओमप्रकाश चौधरी (महामंत्री) श्री विजय मंगलनीया (निवर्तमान अध्यक्ष), डॉ. श्यामसुन्दर हरलालका (खड़े अवस्था मै) प्रान्तीय अध्यक्ष, श्री कैलाश कावरा (शाखा उपाध्यक्ष)

पूर्वोत्तर मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक ८ फरवरी २००९ को गुवाहाटी में हौर्नबिल होटल में आयोजित हुई जिसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. श्यामसुन्दर हरलालका को गुवाहाटी शाखा ने असमिया रीति–रिवाज के अनुसार फुलम गामोछा तथा झापी पहनाकर स्वागत किया गया। प्रान्तीय कार्यकारिणी में नये पदों की घोषणा की गई, जो निम्न प्रकार है –

महामंत्री – श्री ओमप्रकाश चौधरी

उपाध्यक्ष – श्री कैलाश लोहिया, श्री शिव भगवान शर्मा, श्री अशोक कुमार धानुका गुवाहाटी, डॉ. कमल कुमार झुनझुनवाला शिलाँग, श्री अशोक अग्रवाला तिनसुकिया, श्री कृष्ण नारायण अग्रवाला ईम्फाल, श्री ओमप्रकाश गट्टानी जोरहाट

संयुक्त मंत्री – श्री सज्जन कुमार अग्रवाला, श्री दिलिप कुमार सराफ, गुवाहाटी,

संगठन मंत्री – श्री बजरंग लाल अग्रवाला, नगवाँ

सहायक मंत्री – श्री के आर चौधरी, श्री किशनलाल बिदासरिया

पूर्वोत्तर में वर्तमान ५२ शाखा कार्यरत हैं तथा २२ नई शाखा खोलने का निर्णय लिया गया। संशोधित संविधान का प्रारूप भी कार्यकारिणी के विचारार्थ रखा गया। इस वर्ष के अन्त में गुवाहाटी शाखा के आतिथ्य में त्रयोदश अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

पूर्वोत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कार्यकारिणी सदस्य तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों ने आकर इस सभा में भाग लिए। इस सत्र के लिए कुछ अहम् मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ तथा सम्मेलन व समाज को मजबूत करने के लिए कुछ विशेष योजनाओं पर प्रथम वर्ष में प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया। योजना के मुद्दे निम्न प्रकार के हैं :–

जनगणना : मानव अपने देश, राष्ट्र और समाज के लिए एक बड़ी ताकत है। लोकतंत्र की आधारशिला ''संख्या'' की बेदी पर निर्भरशील है। समाज का राजनैतिक भविष्य इसी के आधार पर तय होता है। पूर्वोत्तर मारवाड़ी सम्मेलन करीब दो सौ वर्षों से पूर्वोत्तर के क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि मानकर इसमें रच बस गया है। इस लम्बी यात्रा के दौरान अनगिनत तूफानों को झेलना पड़ा है फिर भी निश्चयता के साथ अपने मानव अधिकारों को

आज भी प्राप्त करने में अक्षम है। कहते हैं, पूर्वोत्तर में हमारी संख्या लाखों में है मगर इसे प्रामाणिक रूप से कहना कठिन है। सम्मेलन के विभिन्न अवसरों पर हुए अधिवेशन में समाज की जनगणना करवाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया, प्रयास भी हुए परन्तु सफलता हाथ नहीं लगी। हमें अपनी ताकत का ज्ञान होना आवश्यक है। संगठन की दृष्टिकोण से भी इस प्रकार की गणना का होना व प्रकाशित करना नितान्त आवश्यक है। आज की सभा यह निर्णय लेती है कि अति–शीघ्र जनगणना का कार्य–सम्पादन करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की पहल करें। सभी शाखा सभा को निश्चित समय अवधि के भीतर यह कार्य–सम्पादन करके पूर्ण प्रतिवेदन प्रांतीय कार्यालय को उपलब्ध करवाये। प्रांतीय कार्यालय प्रकाशित करने का पूर्ण भार अपने उपर लेती है। जनगणना की रूपरेखा निम्न प्रकार होगी (एक प्रारूप संलग्न)। जिन स्थानों पर शाखा नहीं है उन स्थानों पर निकटतम शाखा को यह कार्य निश्चित समय सीमा में निष्पादित करना है। जनगणना के कार्य–सम्पादन में दैनिक हिन्दी पत्रिकाओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए अह्वान करती है।

समाजकीर्ति : दानशीलता मारवाड़ी समाज का संस्कारों से मिला हुआ नैसर्गिक गुण है जिसका लोहा सभी जातियाँ मानती हैं। मानव कल्याण के हित में अनगिनत शिक्षण संस्था, अस्पताल, धर्मशाला, मंदिर, गौशाला, बावड़ी, अतिथिगृह व अन्यन्य संस्थाओं का निर्माण, संचालन व अभिवृद्धि इस समाज के धन से हुई है। इस जाति की दानशीलता की मिसाल अन्यत्र नहीं मिल सकती हैं। बहुत से अनुष्ठान समाज के अन्तर्गत नहीं है मगर वे समाज के द्वारा प्रदत्त धन, भूमि व अन्य सेवा के कारण अस्तित्व में आए हैं मगर काल क्रम में आनेवाली पीढ़ी नहीं जान पाएगी। यह वर्षो से अनुभव किया जा रहा है कि हमारी देन सभी उपलब्धियाँ व समाज कीर्ति का आंकलन व मूल्यांकन करने के लिए तथा दूसरे समाज को सकारात्मक संदेश पहुचाँने के लिए इनका प्रमाणिक संकलन शाखाओं की सहायता से तैयार किया जाए जिसे बाद में अंग्रेजी व असमिया में प्रकाशित करने की योजना है। यह कार्य भी एक समय सीमा के अन्तर्गत क्रियान्वित करने का ठोस कदम उठाने का निर्णय लेती है। प्रकाशन का सम्पूर्ण कार्य प्रांतीय स्तर पर किया जाएगा। इसकी भी प्रविष्टियों को शाखा द्वारा अनुमोदित होना आवश्यक है।

समाज गौरव : समाज की पहचान व्यक्तियों से होती हैं। उच्च कोटि के चरित्रवान, नि:स्वार्थ, संवेदनशील, निर्भीक, बुद्धिजीवी, दानशील, जागरूक चिन्तनशील व्यक्ति कभी–कभी हमारे बीच मार्ग दर्शन करने के लिए आते हैं उन व्यक्तियों का आंकलन कर समाज में उचित स्थान देने पर समाज में आनेवाली पीढ़ी को नई ऊर्जा, प्रेरणा, मार्गदर्शन मिलेगा व समाज के लिए कुछ करने की ललक व चाहत बढ़ेगी। जिस समाज में ऐसे व्यक्तियों का अभाव है वह समाज दीन है, दु:खी है, निर्धन है। एक ज्योतिप्रसाद अग्रवाला एक जाति के लिए युग पुरुष बन गया एवं वह जाति उस पर गौरव करती है।

समाज के हित में बहुतों ने अपने ''आज'' को कुर्बान कर आनेवाली पीढ़ी के ''कल'' को सुरक्षित करने के लिए त्याग किया है। हम पूर्वोत्तर के सभी स्थानों से उन व्यक्तियों के बारे में अधिक से अधिक प्रमाणिक जानकारी करके ''समाज गौरव'' नामक पुस्तिका में प्रकाशित करें। प्रविष्टियाँ शाखा सभाओं के सुझाव पर ही प्रकाशन के लिए ''उच्च स्तरीय केन्द्रीय सम्पादक मंडली'' को प्रेषित की जाएँगी जिसे अन्तिम निर्णय लेने का अधिकार होगा। प्रविष्टियों के लिए एक मापदंड अपनाया जाएगा। इसमें समाजसेवी, बुद्धिजीवी, साहित्यिक, किसी भी प्राप्त शिखर दक्षता वाले व्यक्तियों को स्थान दिया जायेगा। जो हमारे बीच नहीं हैं एवं जो आज मौजूद हैं उन सभी को ''समाज गौरव'' में गौरवान्वित होने का अवसर दिया जाएगा। इस प्रकाशन को असमिया तथा अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित किया जाएगा।

वैवाहिक प्रकोष्ठ : प्रवासी मरवाड़ी समाज की आबादी प्रान्त में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। नारी शिक्षा के प्रचार–प्रसार से नारी शक्ति जागरण का उद्घोष हुआ है। संयुक्त परिवार की अवधारणा अंतिम सांसें ले रही है। उच्च शिक्षा रोजगार की कुंजी बनती जा रही है। समाज का एक वर्ग रोजगार के तालाश में उच्च शिक्षा के प्रति उन्मुख हो रहा है। शादी करने की उम्र सीमा का अधिक बढ़ जाना स्वभाविक प्रक्रिया है। बेमेल शादियाँ, अन्तर्जातीय शादियाँ, आवश्यक जानकारी के अभाव में होनेवाली शादियाँ भी काफी संख्या में हो रही है। फलत: यह बन्धन तेजी से टूटकर परित्यक्ताओं की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है जो समाज के लिए एक अहम् प्रश्न है। इसकी रोकथाम करने के उपायों का अवलंबन आवश्यक है।

समाज में शादी विवाह के योग्य वर–वधु के चयन या परिचय इत्यादि की कोई व्यवस्था न होना घातक माना गया है। स्वस्थ समाज के लिए इस व्यवस्था को सर्वमान्य स्वरूप देना आवश्यक है जिसके अन्तर्गत उपर्युक्त युवक–युवतियों की सूचना का आदान–प्रदान व परिचय सम्मेलन आदि के लिए वातावरण तैयार करके एक ठोस ढाँचा तैयार किया जा सके व इस प्रकार की कार्य योजना शाखा द्वारा क्रियान्वयन करने के लिए सभी शाखाओं में विवाह प्रकोष्ठ की स्थापना करने का निर्णय लेती है। इस प्रकोष्ठ के द्वारा ही शादी विवाह में दिखावा, आडम्बर आदि पर अंकुश लगाना या विवाह संबंधी अन्यन्य सुधार के काम किये जाएँगे।

बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ : मारवाड़ी समाज में गत चार दशक से शिक्षा के प्रति जागरूकता व रूझान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अग्रवाल समाज को भारतवर्ष में सर्वाधिक शिक्षित समाज होने का इन्डिया टुडे ने दावा किया है। एक वर्ग ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके जीविका उपार्जन का साधन बनाया है। इस क्षेत्र में भी इन्हें बहुत बड़ी सफलता मिली है। इन्होंने अपने क्षेत्र में देश व विदेश में नये–नये किर्तिमान स्थापित किये हैं।

मारवाड़ी समाज में वकील, इंजीनियर, पत्रकार, कलाकार, चार्टड एकाउन्टेन्ट, डाक्टर, प्रोफेसर, आर्किटेक्ट, न्यायाधीश, साहित्यकार, आईएएस, आईपीएस आदि बहुत बड़ी संख्या में हैं। ये समाज का एक शक्तिशाली वर्ग है मगर समाज के प्रति उदासीन हैं। कारण विभिन्न हो सकते हैं। इस वर्ग को छोड़कर समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जाना कठिन है। इस वर्ग को सम्मेलन के साथ जोड़ना अनिवार्य है। सर्वप्रथम इसके आंकलन के लिए इनकी गणना करके इनकी पूर्ण जानकारी के साथ फोटो सहित निर्देशिका प्रकाशित करने का निर्णय लेती है। इस वर्ग की सम्मेलन के उद्देश्यों में अहम् भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। सभी शाखाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे भी एक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की स्थापना करे व उनके बारे में पूर्ण जानकारी केन्द्रीय कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने का काम पूर्ण करें। सम्मेलन बुद्धिजीवी वर्ग को सम्मेलन की गतिविधियों में एक अहम् भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।◆

बेटे रह जाए बिन व्याहे, बहुएँ कहाँ से आएँगी

-ओम लडिया

कन्या भ्रूण हत्या एक मजबूरी है चाहत नहीं, इस विषय पर हमको आपको और समाज को अध्ययन व गहन चिन्तन करना होगा। सिर्फ कानून बना देना इस समस्या का समाधान नहीं।

कन्या भ्रूण हत्या का प्रमुख कारण दहेज रूपी दानव है। कन्या जन्म लेते ही माता–पिता के जेहन में दहेज एक भय के रूप में समा जाता है। नवजात कन्या पैदा होते ही माता–पिता पर एक भार–बोझ बन जाती है। अतः मजबूरन वे गर्भावस्था में ही शिशु का लिंग जान लेना चाहते हैं। चन्द रुपयों के लालच में डाक्टर, प्राइवेट नर्सिंग होम में अजन्में शिशु कन्या की हत्या कर देते हैं एवं भ्रूण हत्या का सिलसिला गैर कानूनन चलता रहता है। यह एक कड़वा सत्य है कि हम आदर्श मानवता भाईचारा की बात करते है। कन्या भ्रूण हत्या बन्द करने को कहते है। दहेज प्रथा समाप्त करने को कहते हैं लेकिन स्वयं (वास्तविकता) में इन बातों की धज्जियाँ उड़ाकर बदल जाते है। इसका पहल करें, शुरूआत करें, स्वयं आचरण करें। घर में अपनी पुत्री को तो सम्मान दिया जाता है परन्तु पुत्र–बधु को सम्मानित रूप से स्वीकार नहीं किया जाता और उनके साथ भेद भाव किया जाता है। कन्या भ्रूण हत्या को हर व्यक्ति, प्रत्येक संगठन तथा समाज मिलकर मूल से उखाड़ फेकने का संकल्प लें। पुरुष प्रधान समाज अपने आचरण में बदलाव लाए ताकि माता–पिता कन्या उत्पत्ति से ना हिचकिचाएँ तथा खुशी–खुशी कन्या जन्म देकर समाज, धर्म, देश तथा सृष्टि की उत्पत्ति में सहायक हो।

कन्या भ्रूण हत्या रोकना है तो दहेज पर रोक लगाना जरूरी है। पुत्र के माता पिता को दृढ़ संकल्प लेना होगा कि वे अपने पुत्र का विवाह बिना दहेज के ही करेंगे। जो ऐसा नहीं करते उनको कन्या भ्रूण हत्या विरोध करने का कोई अधिकार नहीं है। इतना ही नहीं, बल्कि उनको कन्या भ्रूण हत्या का दोषी मानना चाहिए। जिन दम्पत्ति को केवल पुत्र ही है वे भी एक कन्या गोद लेकर सहर्ष उसका लालन–पालन तथा यथा शिक्षा देकर उस कन्या का विवाह कर कन्यादान महाकल्याण का लाभ उठाए।

इसका अन्य कारण है प्रथम कन्या सन्तान होते हुए दूसरी बार गर्भाधान करना। एक नवदम्पति प्रथम सन्तान पुत्र या पुत्री पर ज्यादा चिंतित नहीं होते परन्तु दूसरी बार में पूर्ण सर्त्तकता बरतना चाहते हैं। दूसरी सन्तान यदि कन्या ही जन्म लेने की संभावना हो तो वे इसका विनाश जरूर करवाना चाहेंगे। अतः जरूरत है सामाजिक सुरक्षा की, महिला संगठन इस दिशा में संलग्न होकर सकारात्मक कार्य कर सकती है, गर्भस्थ कन्या शिशु को गोद लेने में सहयोग प्रदान कर सकती है एवं कन्या भ्रूण हत्या न हो, इसके लिए दम्पति को Counselling कर सकती है। इसके अलावा एक तरह का Insurance (बीमा) भी शुरू किया जा सकता है जिसके तहत गर्भस्थ स्थिति में ही कन्या जन्म के पक्ष में पाँच से दस लाख रुपया तक की Insurance (बीमा) करवाई जा सकती है। यह सुविधा सिर्फ दूसरी कन्या सन्तान को ही उपलब्ध हो और इसके लिए एक Premium राशि तय की जा सकती है। उपरोक्त राशि कन्या के नाम पर Fixed Deposit के रूप में जमा की जा सकती है जो राशि सिर्फ कन्या को ही बालिग होने पर प्राप्त कराई जायेगी। हाँ इस Fixed Deposit से प्राप्त मासिक ब्याज से माता–पिता उस कन्या का लालन–पालन, भरण–पोषण, शिक्षा आदि का खर्च वहन कर पायेंगे।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने में Lady Doctors काफी सहायक सिद्ध हो सकती है जिनके लिए गर्भवती महिलाओं का Record रखना आवश्यक होगा और दूसरी बार गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जानकारी महिला संगठनों एवं सरकार को देना अनिवार्य होगा। इस विषय में कानून बनाया जा सकता है। ये Lady Doctors कन्या भ्रूण हत्या रोकने में गर्भवती महिलाओं को सलाह मशविरा देकर प्रेरणास्पद भूमिका निभा सकती है तथा इस सम्बन्ध में उपलब्ध सरकारी सहयोग या सहायता, Insurance (बीमा) आदि, और गोद (देना) की पूर्ण जानकारी दे सकती हैं।

कन्या (पुत्रवत) : कन्या शिशु को सशक्त बनाना होगा। अन्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के साथ उसे घर परिवार क्षेत्र में भी आगे आना होगा। अपने माता पिता को पुत्र की कमी न खले इसके लिए पुत्रवत जिम्मेदारी वहन करनी होगी। वे असुरक्षित महसूस न करें और उनकी देख–भाल में कोई कमी न हो ऐसा पूरा ख्याल रखना होगा। समाज कन्याओं को अन्तिम संस्कार करने की अनुमति नहीं देता है। जिस माँ–बाप से पुत्र पैदा होते हैं उसी माँ–बाप से पुत्री भी पैदा होती है तो इनको भी इसका मौलिक व नैतिक अधिकार है, अतः समाज इनको भी यह अधिकार व मान्यता दें। पुत्री द्वारा अन्तिम संस्कार मान्य होने पर पुत्र की कामना कम हो सकती है। लड़के और लड़कियां, बेटे और बेटियां, पुत्र तथा पुत्रियां तथा स्त्री एवं पुरुष में केवल लिंग भेद है कर्म भेद नहीं!

हम दो हमारा एक का नारा तब सफल हो सकता है जब पुत्री भी पुत्रवत व्यवहार में सफल होगी, इस प्रसारण में सरकार और समाज दोनों को ही आगे आना होगा। इस तरह की मानसिकता परिवर्तन कोई आसान बात नहीं है। फिर भी सतत् प्रयत्न और कोशिश से कुछ भी असंभव नहीं है।

अगर अध्यात्म के जरिए देखा जाए तो नारी ही प्रधान है जो कि सम्पूर्ण सृष्टि संजोयी हुई है। नारी से ही हमारा समाज और देश चलता है अगर नारी ही नहीं रहेगी तो पुरुष होंगे कहाँ से और कहाँ से होगा समाज। तो आइए आज से कन्या भ्रूण हत्या पर चारो तरफ से रोक लगायें। आज के जमाने में देखा जाए जो माता–पिता की सेवा में पुत्र पीछे रह गए हैं और पुत्रियाँ ही माता–पिता की बुढ़ापे में सेवा करती है। इस लिए आगे बढ़े और कन्या भ्रूण हत्या बन्द करें।

दहेज का भय, पुत्रवत कन्या का व्यवहार, स्वयं की सुरक्षा, सामाजिक मान्यता, आर्थिक सहयोग ऐसा प्रयास ही कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सार्थक सिद्ध हो सकता है। जरूरत है जागरुकता की और स्वयं में पहल करने की।

हत्या भ्रूण कन्या की होगी, कन्या कहाँ से आयेगी।
बेटे रह जाए बिन व्याहे, बहुएँ कहाँ से आएँगी।
रोको इसको रोको इसको, कन्या कहाँ से आयेगी।
अफरा तफरी मच जायेगी, जब सृष्टि रूक जायेगी।

भ्रूण हत्या रोकने का सरल इलाज

- डॉ. श्यामसुन्दर भारती, रानीगंज

पिछले दिनों अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के मुखपत्र 'समाज विकास' मासिक में कई सज्जनों के कन्या भ्रूण हत्या पर लेख पढ़े। एक सज्जन ने अपने लेख का शीर्षक ही रख दिया। कन्या–भ्रूण हत्या के लिए कौन जिम्मेदार। मेरी समझ में इसके जिम्मेवार हम सभी हैं। किसी एक को जिम्मेवार ठहराना ठीक नहीं। कुछ लोग लिंग जाँचकर्ता डाक्टर को दोषी मानते हैं आप हम जानते हैं कि कन्या–भ्रूण–हत्या एक जघन्य दुष्कर्म है और भारत सरकार ने इसे दंडनीय अपराध घोषित किया है। पैसे की लालच देकर डाक्टर से अपने भ्रूण की लिंग जांच का अनुरोध करनेवाला भी समान रूप से दोषी है।

अब मैं हमारी प्राचीन विवाह व्यवस्था की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह व्यवस्था कितनी सुन्दर और लाभप्रद थी कि उस काल में सभी परिवार सुखी–स्वस्थ और समृद्ध हुआ करते थे। कन्या भ्रूण हत्या का सबसे बड़ा कारण है–धन का लोभ लालच। आजकल दहेज की प्रथा दानवी प्रथा बन गई है। कन्या वालों को अपनी कन्या के विवाह हेतु मुंहमांगी रकम देनी पड़ती है। इस डर से भ्रूण की लिंग जांच कराते हैं और कन्या भ्रूण होने की जानकारी मिलते ही उसकी हत्या डाक्टर से करा देते हैं।

कन्या–भ्रूण हत्या कराने की नौबत ही न आए और मनचाही संतान प्राप्त हो उसका सरल तरीका हिन्दुओं की विवाह पद्धति में वर्णित है।

हिन्दुओं की विवाह पद्धति में 'सप्तपदी' विवाह सर्वश्रेष्ठ माना गया है। भारत का सुप्रीम कोर्ट भी 'सप्तपदी' विवाह को सर्वोच्च पूर्ण विवाह मानता है। सप्तपदी में कन्या और और वर को अग्नि की साक्षी में कुछ वचन देने पड़ते हैं और अग्नि की परिक्रमा कर उसे स्वीकारना पड़ता है। उदाहरण के लिए 'सप्तपदी' का पहली मांग या पहला वचन कन्या वर से कहती है।

"तीर्थः व्रतो उद्यापन, दान यज्ञपान,
क्या सह स्वं यदि कान्त कुर्याद्।
वामांग आयामि दया त्वदीया,
भाषेत वाम्पं प्रथमं कुमारीः।।

अर्थात् तीर्थ–व्रत, उद्यापन, दान और यज्ञ ये पांच काम मेरे सानिध्य में मेरी सहमति और स्वीकृति से करने का वचन यदि आप देंगे तभी मैं आपके बाएं आकर रहूँगी।

बहुत से पंडित जी विवाह कराते हैं इसका अर्थ कन्या और वर को बता देते हैं और बहुत से नहीं बताते क्योंकि उन पर दबाव रहता है कि विवाह का सारा काम एक घंटे में निपटा दें। कन्या के वचन के उत्तर में वर को कहना पड़ता है तथास्तु अर्थात वैसा ही होगा।

एक बड़े रहस्य की बात इन वचनों में हैं वह है वामांग में आने की। वर के बायी तरफ कन्या को क्यों बैठाया जाता है। बहुत से पंडितों को भी इसकी सटीक जानकारी नहीं है। केवल हिन्दुओं में ही यह प्रथा है–मुसलमानों और ईसाइयों में ऐसी अनिवार्यता नहीं है।

बाएं दाएं का रहस्य हमारे स्वर विहपान में है–

बाएं स्वर को अर्थात् बांई नासिका छिद्र से जो श्वास हम लेते छोड़ते हैं बस चन्द्रस्वर कहते हैं और दाहिने नासाछिद्र से सांस लेने छोड़ने की सूर्यस्वर कहते हैं।

चन्द्रस्वर ठंडा होता है की सूर्य स्वर गर्म होता है, गर्भाधान के समय यदि वर का स्वर दाहिना चलता रहेगा तो उसकी वीर्य से नर शुक्राणु निकलेंगे और वे शुक्राणु भीतर घुस कर स्त्री के अंडे से मिल कर गर्भाशय में जाकर नस्मण के रूप में स्थापित होंगे। वंशवृद्धि के लिए ही हमारे प्राचीन ऋषियों ने यह तरकीब खोजी थी और यह शतप्रतिशत सफल ही है।

यदि कन्या भ्रूण चाहते हैं तो गर्भाधान के समय बायाँ स्वर चलने दें–स्वर बदलने का तरीका बड़ा आसान है–दाहिनी करवट २ मिनट लेट जाइए और आपका बाया स्वर चल पड़ेगा इस विधि से कोई भी मनचाही संतान प्राप्त कर सकता है।

सच पूछा जाय तो कन्या भ्रूण हत्या रोकने का सप्तपदी विवाह का यह प्रावधान कि विवाह इच्छुक कन्या का सदा वर के बांये तरफ ही बैठना सोना और रहना चाहिए–हिन्दुओं में १६ संस्कार होते हैं उनमें गर्भाधान संस्कार और पुरुष संस्कार का बड़ा महत्व है। बहुत से लोग न तो इसका अर्थ समझते हैं और न इसकी विधि जानते हैं। आज के युग में इन दोनों संस्कारों का बड़ा महत्व है और इसकी उपयोगिता है।

मैं सभी लोगों से विशेषत: मारवाड़ी महोदयों से निवेदन करता हूँ कि आप सप्तपदी विवाह की सार्थकता और उपयोगिता और पूर्णता को भलीभांति समझे और हर विवाह में वर और कन्या को पंडित द्वारा सप्तपदी विवाह के सभी कन्या के वचनों को वर वधु को पूरी तरह समझाएं और हमें जीवन में अपनाने को कहें। ऋषि शब्द का अर्थ है अंग्रेजी में Researcher हमारे प्राचीन ऋषि वास्तव में Researcher हुआ करते थे–उन्होंने

हजारों वर्ष हजारो वर्ष पहले जो अनुसंधान अन्वेषण और खोज की है वह अद्भुत है।

क्या आप विश्वास करें रामायण काल में वायुमान पेट्रोल से नहीं बल्कि मंत्रों से चलते थे। आप कहेंगे बकवास है। रावण के पास कई विमान थे और उसका हवाई अड्डा भी था—हाल ही रावण का हवाई अड्डा मिला है।

हमारे शास्त्रों में लिखा है—ऋषय: मन्त्र दृष्यर: अर्थात् ऋषि लोग मंत्र जाननेवाले थे—वे ही मंत्रों का अनुसंधान करते थे इस मंत्रों से मुश्किल काम सरल हो जाते थे।

मंत्रों के चमत्कार की चर्चा फिर कभी किसी अन्य लेख में होगी अभी मुख्य विषय पर आता हूँ।

आप हम जानते हैं कि भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है—इसी कारण "हम दो हमारे दो" का नारा यहां लोकप्रिय हो रहा है। सभी चाहता है कि परिवार छोटा हो और संतान दो पर सीमित रहे—साथ में यह भी चाहते है कि पहली संतान पुत्र हो। ऐसा होना ठीक भी है पर सब के लिए ऐसा संसद नहीं है। यदि एक पुत्र और एक पुत्री हो तो कोई चिन्ता की बात नहीं होगी पर कइयों को पहली और दूसरी संतान केवल पुत्री के रूप में हो जाती है। ऐसे में घर में अशान्ति छा जाती है। यदि दम्पति ने परिवार निर्धारण के लिए आपरेशन नहीं करना हो तो वे तीसरी संतान पुत्र ही तो इसके लिए दर से भटकते है। मंदिरों – मस्जिदों में जाते हैं—किसी ताबीज वाले से ताबीज बंधवाते हैं और मनौतियाँ माँगते हैं। पर पुत्री होने के खास कारण की और धारन नहीं देते। अब मैं हिन्दुओं के सर्वश्रेष्ठ सवैधानिक और आचार संहिता के ग्रंथ मनुस्मृति की ओर ले चलता हूँ। मनुस्मृति की रचना अनुमानत: दस हजार वर्ष पहले हुई थी उसमें स्पष्ट लिखा है – पुरुवन संस्कार के बारे में।

युग्मासु पुत्र जायन्ते
स्त्रियोंऽयुग्मासु रात्रिषु।
तस्माद् युग्मासु पुत्राथी
संविशेद् आई वे स्त्रितम्।।

अर्थात् सम संख्या वाली रात्रि में सहवास करने से दम्पति को पुत्र पैदा होता है और इसलिए पुत्र की कामना करने वाले को अपनी पत्नी के ऋतुकाल में समसंख्या वाली रात को ही सहवास करे।

एक संख्या माने बराबर वाली संख्या अर्थात जो संख्या २ से विभाजित हो जाती हो जैसे ४–६–८–१०–१२–१४–१६ ऋतुकाल माने जिस काल में महिलाओं को मासिक स्राव होता है—साधारण: चार दिनों तक मासिक साथ होता है—जिस दिन शुरू होता है उसकी गणना पहली सत की होनी है इस प्रकार पांच दिनों के बाद ६वीं ८वीं १०वीं १२वीं १४वीं और १६वीं रात को समागम करने से पुत्र उत्पन्न होता है और ७वीं ९वीं ११वीं १३वीं १५वीं रात का सहवास पुत्री उत्पन्न करता है।

इस उपर्युक्त नियम के साथ यह भी याद रखना होगा कि समागम के समय पुरुष का दाहिना स्वर चलना आवश्यक है—क्योंकि ऐसा करने से नर शुक्राणु जो दाहिने अंडकोश में जमा रहते हैं—वे वहीं से ऊपर चले आते हैं—यह वैशानिक तय है—जैसे ही नर शुक्राणु ऊपर आकर गर्भाश्यि की ओर बढ़ते हैं और मार्ग में स्त्री के अंडाणु से संयुक्त होकर गर्भाशय में प्रविष्ट हो जाते है और पुत्र संतान के रूप में विकसित हो जाता है।

बहुत से लोग इस नियम को समय पर भूल जाते हैं उनके लिए भी आयुर्वेद में प्रावधान किया गया है।

यह एक प्रकार का मिश्रण बनाया जाता है जिसमें मोरपंख का चंदोबा शिवलिंगी के बीच, पुत्रजीवन लक्ष्मणा, पलाश के कोमल पते आदि से निर्मित होता है—फिर गुड़ में लपेट कर गोलियाँ बनती है। इन गोलियों को प्रात: दोपहर और संख्या काल में एक—एक गोली बछड़ेवाली गाय के दूध से सेवन कराया जाता है। सावधानी यही रखनी पड़ती है कि पेट में बच्चा २ महीना का होते ही इसे खिलाना पड़ता है क्योंकि २ महीने का गर्भस्थ शिशु के अंश प्रत्यंग २ महीना पूर्ण होते ही बनने लगते हैं। मान लीजिए कि भ्रूण कन्या के रूप में है तो इन गोलियों से वह कन्या भ्रूण नर भ्रूण बन जाता है और पुत्र के रूप में हो जाता है। किन्तु यह क्रिया ३ महीना का शिशु होने पर परिवर्तन नहीं हो सकता।

यह आयुर्वेदिक दवा भारत में पांच सन्त स्वावधान वैद्य बनाते हैं और लोगों को लाभ हो जाता है। किसी को कोई शंका हो तो मुझसे मोबाईल पर पूछताछ कर सकते हैं—नि:शुल्क परामर्श मिलेगा। आयुर्वेद को छोड़ और किसी पैथी में ऐसा इलाज नहीं है। भारत में बढ़ती हुई कन्या—भ्रूण हत्या को रोकने का यही सरल आशुफल प्रद तरीका और उपचार है।◆